वेल्सफोर्ड क्षेत्र में क्षेत्रीय पार्क का विस्तार

2002 और 2006 में विक्टोरिया की पूर्व सरकार ने ग्रेटर बेंडिगो राष्ट्रीय पार्क और बेंडिगो क्षेत्रीय पार्क का निर्माण किया था। लगभग 20 वर्षों बाद हम इस विरासत पर आगे निर्माण कर रहे हैं।

अब बेंडिगो में और भी अधिक लोग निवास करने और घूमने के लिए आते हैं, और वे हमारी प्राकृतिक परिसंपत्तियों का उपयोग करते हैं एवं उन्हें महत्व देते हैं। यही कारण है कि हम एक सुलभ स्थान पर बेंडिगो क्षेत्रीय पार्क में 7,000 हेक्टेयर से भी अधिक का क्षेत्रफल जोड़ रहे हैं, ताकि बढ़ती हुई मांग को पूरा किया जा सके।

हम लंबी अवधि में पर्यावरण के संरक्षण के लिए उपलब्धता प्रदान कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि विक्टोरियावासी हमारे सुंदर, खुले स्थानों का आनंद उठाना जारी रख सकें। हम स्वदेशी स्थानों से जुड़ाव को समर्थन देने और नए पार्कों एवं अभ्यारण्यों (रिज़र्व) के नाम रखने के लिए पारंपरिक स्वामियों के साथ साझेदारी करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

आप विस्तारित बेंडिगो क्षेत्रीय पार्क में इन गतिविधियों का आनंद उठाने में समर्थ होंगे/होंगी:

- बुशवॉकिंग करना, प्रकृति को निहारना और पिकनिक मनाना
- शिविर (कैंप) लगाना
- कार से घूमना, जिसमें फोर-व्हील ड्राइव के वाहन भी शामिल हैं
- मार्गपथों पर साइकिल चलाना
- माउंटेन बाइकिंग और साइकिलिंग करना
- सड़कों पर घुड़सवारी करना
- कुछ क्षेत्रों में कुत्ते को घुमाना
- मनोरंजन के लिए पूर्वेक्षण करना

जून 2029 तक कुछ निर्धारित स्थलों से घरेलू जलाऊ लकड़ी को एकत्र करने अनुमति होगी। विस्तारित क्षेत्रीय पार्क में मनोरंजन के लिए शिकार करने और बाज़ारी स्तर पर लकड़ी काटने की अनुमति नहीं होगी।

इन परिवर्तनों के बारे में

ये परिवर्तन विक्टोरियाई पर्यावरण मूल्यांकन परिषद (वीईएसी) [Victorian Environmental Assessment Council (VEAC)] की मध्य पश्चिम जांच अंतिम रिपोर्ट (Central West Investigation Final Report) और इसकी

VICTORIA State Government | Environment, Land, Water and Planning

अनुशंसाओं के प्रति विक्टोरिया सरकार की प्रतिक्रिया को प्रतिबिंबित करते हैं।

ये परिवर्तन हमारी बहुमूल्य पर्यावरणीय और जैव-विविधता संबंधी परिसंपत्तियों का संरक्षण करते हैं और एक संवहनीय संतुलन का निर्माण करते हैं, जिसका उद्देश्य भूमि के सभी उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को वर्तमान और भविष्य में पूरा करना है। आप हमारी वेबसाइट पर सरकार की प्रतिक्रिया देख सकते/सकती हैं।

यदि आपको समर्थन की आवश्यकता है, तो अनुवाद और भाषांतरण में सहायता के लिए कृपया Translating and Interpreting Service (TIS) से संपर्क करें। TIS National से 131 450 पर (ऑस्ट्रेलिया के अंदर) संपर्क करें या वेबसाइट www.tisnational.gov.au पर जाएँ।